RAF SECTOR
NEWS CLIP
22/10/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar, Jamshedpur(JKD)

शहीद सीआरपीएफ जवानों को रैफ ने दी श्रद्धांजलि

वरीय संवाददाता, जमशेदपुर

सुंदरनगर स्थित रैफ 106 बटालियन में गुरुवार को पुलिस स्मृति दिवस पर परेड ग्राउंड में कार्यक्रम आयोजित कर अक्साई चीन में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों को श्रद्धांजलि दी गयी. शहीदों के शहादत को याद करते जवानों ने सशस्त्र सलामी दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा. मौके पर रैफ के कमांडेंट निशीत कुमार ने भी श्रद्धांजलि दी. कमांडेंट ने जवानों को चीन की घटना के बारे में बताया. वीर जवानों की शहादत की याद में हर साल 21 अक्तूबर को शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है. कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी शैलेंद्र कुमार, चिकित्सा अधिकारी डॉ अश्विनी कुमार, उप कमांडेंट अनुज कुमार सिन्हा, विश्वरंजन के अलावा अन्य अधिकारी व जवान उपस्थित थे.

पुलिस लाइन में शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

जमशेदपुर. गोलमुरी पुलिस लाइन में गुरुवार को स्मरण दिवस का आयोजन किया गया. इसमें आतंकवादी हमले और सेवा के दौरान शहीद हुए अधिकारियों व जवानों को श्रद्धांजलि दी गयी. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसपी डॉ एम तमिल वाणन मौजूद थे. इस दौरान शहीदों को शस्त्र झुका कर सलामी दी गयी. एसएसपी ने बताया कि पूरे देश में ड्यूटी के दौरान पारा मिलिट्री फोर्स और जिला पुलिस के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए स्मरण दिवस का आयोजन किया जाता है. उन्होंने बताया कि वर्ष 2020-2021 में देश में 377 अधिकारी व जवान शहीद हुए, जिसमें चार झारखंड के भी रहने वाले थे. इस मौके पर शहीदों के परिजन भी मौजूद थे. कार्यक्रम में एसपी सिटी सुभाष चंद्र जाट सहित अन्य लोग मौजूद थे.

Nyay Ka Prahari, Prayagraj (UP)

धूम धाम से मनाया गया पुलिस स्मृति दिवस

फाफामऊ 101 आर ए एफ के प्रांगण में परंपरा तरीके से पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया आ ए आफ के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने शहीद पुलिस कर्मियों के देश के लिए दी गई कुर्बानियों को याद किया व उनकी

श्रद्धांजलि दी गई कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने सभी अधिकारियों एवं जवानों को संबोधन करते हुए बताया कि आज के ही दिन 21 जवानों को हॉट स्प्रिंग पोस्ट कर चीनी सेना से डरकर मुकाबला किया था और उनके आक्रमण को विफल किया था और मुकाबले में सीआरपीएफ के 10 जवानों ने अपनी शहादत दी और इसी कारण पूरे भारतवर्ष में इसी दिन पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है और 2 मिनट का मौन रख गया इस कार्यक्रम में डॉक्टर के के सिंह (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) विनोद कुमार बृजेश कुमार मुकेश कुमार प्रदीप कुमार पाठक और वाहिनी के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

Photos of Police Commemoration Day

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।